Title: Need to check pollution caused by distillery factory at Naugaon Chhatarpur, Madhya Pradesh.

**श्री अशोक कुमार सिंह चन्देल (हमीरपुर, उ.प्र.) :** महोदय, मैसर्स काक्स डिसटलरी फैक्ट्री नौगांव छत्तरपुर, मध्य प्रदेश में स्थापित है। इस पैक्ट्री द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूाण की ओर मैं आपके माध्यम से वन एवं पर्यावरण मंत्री व भारत सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ।

मैसर्स काक्स डिसटलरी फैक्ट्री उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थिति है। इस फैक्ट्री में आये दिन मोटर टायर्स जलाए जाते हैं जिसके कारण फैक्ट्टी के आस-पास के गांव धर्वरा, गढ़िया, घिसल्ली, रावतपुरा, गंज, शिकारपुरा, चंद्रपुरा आदि जो सीलम नदी के किनारे हैं, वहां जलाए गए टायरों से जो प्रदूाण उत्पन्न होता है, उस प्रदूाति वातावरण से ग्रामवासी काफी परेशान हैं और न जाने कितने प्रकार की बीमारियों से ग्रामवासी पीड़ित हैं। फैक्ट्री का गंदा पानी भी सीलम नदी में गिराया जाता है। यह नदी उत्तर प्रदेश के लंबे भू-भाग में बहती है। सीलम नदी का पानी इतना विैला हो गया है कि ग्रामवासी न तो स्नान कर सकते हैं और न ही पशुओं को पानी पिला सकते हैं। पशु अगर इस नदी का पानी पी ले तो वे अकारण मौत के शिकार हो जाते हैं। इस प्रदूाति पानी से खेतों में लगी फसलों की सिंचाई की जाती है तो फसल नट हो जाती है। ग्रामवासियों द्वारा लगातार प्रशासन का ध्यान इस संबंध में दिलाया गया। प्रदूाण से फैक्ट्री के आस-पास की हवा-पानी व अन्य तत्व पूर्णतया प्रदूाति हैं। पूरे मानव समाज को प्रदूाति कर कोई भी फैक्ट्री चलाना कहां तक तर्कसंगत है।

अतः मैसर्स काक्स डिस्टलरी फैक्ट्री द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूाण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि स्थानीय जनता व प्राणी प्रदूाण मुक्त वातावरण में जीवनयापन कर सकें।